## प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 21.05.2023

**थाना टीला मोड़ पुलिस द्वारा 02 शातिर लुटेरे गिरफ्तार, कब्जे से लूट/चोरी की एक स्कूटी, एक मोटर साइकिल, चार मोबाइल, एक जोड़ी पायल सफेद धातु व दो बण्डल कॉपर के बरामद।**

दिनाँक 20.05.2023 को दौराने चेकिंग थाना टीला मोड़ पुलिस द्वारा एक स्कूटी मेस्ट्रो स्कूटी रंग काला पर सवार दो लड़को को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक मेस्ट्रो स्कूटी रंग काला व एक अदद मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर रंग काला व चार अदद मोबाइल व एक जोड़ी पायल सफेद धातु व दो अदद बण्डल कॉपर बरामद कर अभि0गण के विरूद्ध सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभि0 से की गयी पूछताछ का विवरण**

**अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि साहब शौक मौज के लिए लूट व चोरी करके चलते फिरते लोगो को सामान बेच कर शौक मौज के लिए पैसे कमाते है।**

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त:-**

**1.आकाश पुत्र रंजीत नि0- गली नं0 03 मकान नं0-10 मौसम विहार नियर नूरानी मस्जिद ग्राम पसोण्डा थाना टीलामोड जियाबाद**

**2. लुकमान पुत्र मंजूर नि0-सुनहरी मस्जिद के पास ग्राम पसौण्डा थाना टीलामोड गाजियाबाद**

**बरामदगी:-**

1.एक मेस्ट्रो स्कूटी रंग काला
2. एक मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर रंग काला
3. मोबाइल ओप्पो रंग नारंगी काला
4. मोबाइल सेमसंग रंग नीला
5. वीवो रगं नारंगी
6. पोको रंग नीला
7.दो बण्डल कापर
8. एक जोड़ी पायल सफेद धातु

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**
थाना टीला मोड़ पुलिस

**थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम द्वारा एनसीआर क्षेत्र मे मोटरसाइकिल व स्कूटी चोरी की घटनाओ को कारित करने वाले गिरोह के तीन अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल व 05 स्कूटी बरामद।**

**घटना/कार्यवाही का विवरण-** पिछले कुछ समय से क्षेत्र मे मोटरसाईकिल आदि की चोरी की घटनाओं के दृष्टिगत दिनांक 20/21.05.23 को थाना इन्दिरापुरम पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन/ व्यक्ति की चैकिंग के दौरान समय करीब रात्रि 1.30 बजे एनसीआर क्षेत्र मे मोटरसाईकिल व स्कूटी चोरी की घटनाओ को कारित करने वाले गिरोह के 03 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से दिल्ली , नोयडा व गाजियाबाद से चोरी की गयी 02 मोटरसाईकिल व 05 स्कूटी बरामद की गयी है . गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्द आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विववरण-**

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तो से पूछताछ की गयी तो तीनों ने बताया कि हम एनसीआर क्षेत्र में स्कूटी एवं बाइक चोरी की घटनाएं करते हैं । हमारे द्वारा चोरी की कई घटनाओ को कारित किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगणो के पास से 02 मोटरसाईकिल व 05 स्कूटी बरामद की गयी है जिसमे बरामद की गयी 02 मोटरसाइकिल के सम्बन्ध मे पूछताछ की गयी तो बताया की एक मोटर साइकिल हम तीनों ने मिलकर स्वर्णजयन्ती पार्क नीतिखण्ड क्षेत्र थाना इन्दिरापुरम से चोरी की थी व दूसरी मोटरसाइकिल आश्रम के पास प्रताप विहार थाना विजयनगर से चोरी की गयी थी. गिरफ्तार किये गये अभियुक्तो से बरामद की गयी 05 स्कूटी के सम्बन्ध मे पूछताछ की गयी तो बताया कि बरामद स्कूटी एक्टीवा रंग ग्रे हम तीनों ने आज से करीब 02 वर्ष पूर्व नीतिखण्ड से चोरी की थी। स्कूटी एविएटर रंग लाल के सम्बन्ध में पूछा गया तो बताया कि उक्त स्कूटी हम तीनों ने दिल्ली से चोरी की थी व दूसरी स्कूटी एविएटर रंग लाल के सम्बन्ध में पूछा गया तो बताया कि यह स्कूटी हमने बुधबाजार नीतिखण्ड से चोरी की थी । स्कूटी एक्टिवा रंग काला के बारे में पूछा गया तो बताया कि यह स्कूटी हम तीनों ने परी चौक नोएडा से चोरी की थी व स्कूटी एक्टिवा रंग सफेद के सम्बन्ध में पूछा तो इन्होने बताया कि यह स्कूटी हम तीनों ने मिलकर सै071 नोएडा से चोरी की थी । शेष चोरी की गयी स्कूटी व बाइकों को हमने राह चलते व्यक्तियों को बेच दिया था जिससे मिले पैसे हमने आपस में बांटकर शराब एवं जुए में उड़ा दिये है. अभियुक्तो द्वारा कारित की गयी चोरी की अन्य घटनाओ के सम्बन्ध मे पूछताछ की जा रही है। .

**नाम पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण**

1- चेतन शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी म0न0 डी 250 सैक्टर 12 प्रताप विहार थाना विजयनगर , गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष

**2-** चेतन उर्फ चीनू पुत्र सहदेव निवासी म0न0 डी 252 सैक्टर12 प्रताप विहार थाना विजयनगर , गाजियाबाद उम्र 23 वर्ष

**3-** विशाल पुत्र सहदेव निवासी म0न0 डी 252 सैक्टर12 प्रताप विहार थाना विजयनगर , गाजियाबाद उम्र करीब 20 वर्ष

**बरामदगी**

02 मोटरसाइकिल

05 स्कूटी

**अनावरित अभियोग का विवरण**

थाना इंदिरापुरम पर पंजीकृत स्कूटर चोरी का एक अभियोग

थाना विजयनगर , गाजियाबाद पर पंजीकृत बाइक चोरी का एक अभियोग

**अपराधिक इतिहास अभियुक्तगण**

1- थाना इन्दिरापुरम व थाना विजयनगर पर धारा 379 भादवि के अन्तर्गत एक –एक अभियोग पंजीकृत

2- थाना इन्दिरापुरम पर धारा 482,411,414 भादवि के अन्तर्गत एक अभियोग

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना इंदिरापुरम पुलिस टीम